(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः vidyabhartibpl@gmail.com

www.vidyabhartimp.org

पत्र क्रमांकः283/2020 दिनांक-09/11/2020

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य महोदय,

सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर/उ.मा.वि.

मध्यभारत प्रान्त।

विषयः अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2020-21 विषयक।

प्रिय बन्धुवर,

सप्रेम नमस्कार।

आप सभी को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएँ। आप सभी विद्याभारती के कार्य में रत् होगें ऐसी आशा है। कोरोनाकाल की विषम परिस्थितियों में हम सभी ने विद्यालय की गतिविधियों एवं विषय वस्तु को ऑनलाइन/ऑफलाइन भैया/बहिनों तक सम्प्रेषित कर स्थानीय स्तर पर मूल्यांकन की योजना भी की है। अब प्रान्त द्वारा विद्यालयों की अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन प्रान्तीय योजना से करने का विचार किया है। जिसमें कक्षा 9 से 12वीं के सभी भैया/बहिन प्रत्यक्ष विद्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित होंगे तथा कक्षा 1 से 8वीं तक का मूल्यांकन सपुस्तक प्रणाली से घर पर आयोजित होगी। विद्यार्थियों की प्रतिदिन एक प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिका विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराकर परीक्षा का आयोजन कर मूल्यांकन कार्य विषयाचार्य द्वारा संपादित किया जावेगा।

परीक्षा का संचालन प्रान्तीय समयचक्र के अनुसार किया जावेगा। अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रश्नपत्र प्रान्त द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम प्रत्येक कक्षा के अध्याय 1 से 12 तक रहेगा। जिसकी विषयवस्तु प्रान्त द्वारा समस्त विद्यालयों को E- कन्टेन्ट के रूप में उपलब्ध कराई है।

(मोहनलाल गुप्ता)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपिः-

1. मा. अध्यक्ष/संगठन मंत्री/सहसंगठन मंत्री/ प्रान्त प्रमुख महोदय, मध्यभारत प्रान्त।
2. समस्त विभाग समन्वयक महोदय, मध्यभारत प्रान्त को सूचनार्थ।

E:\Patil July-pariksha 20-21